मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंकः 94, मुंबई, सोमवार, 3 जून, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# उद्धव ठाकरे 15 दिन में मोदी सरकार में होंगे शामिल

## सांसद नवनीत राणा के पति का बड़ा दावा



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल के रुझान के मुताबिक देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने जा रही है। एनडीए को 350 से अधिक सीट मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं, इंडिया गठबंधन को 150 से अधिक मिल सकती है। इसी बीच अमरावती सीट से भाजपा उम्मीदवार नवनीत राणा के पति निर्दलीय विधायक रवि राणा ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सत्ता आने पर 15 दिन के भीतर उद्धव ठाकरे मोदी सरकार में होंगे। रवि राणा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के दोबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद 15 दिनों के अंदर उद्धव ठाकरे मोदी सरकार में शामिल हो जाएंगे। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नजर आएंगे। आने वाला समय नरेंद्र मोदी का है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# एनडीए को 400 से अधिक सीट मिलेंगी

## केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का दावा



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल के रुझान के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को भारी बहुमत मिल रहा है। एनडीए को 350 से अधिक और इंडिया गठबंधन को 150 सीट मिलने का अनुमान है। इसी बीच केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने रविवार को दावा किया कि एनडीए को एग्जिट पोल में लगाए गए अनुमान से ज्यादा लोकसभा सीट मिलेंगी। उन्होंने कहा कि एनडीए को 400 से ज्यादा सीट मिलेंगी। आठवले ने कहा कि एग्जिट पोल में अनुमान लगाया गया है कि राजग 350 से 375 सीट जीतेगा, लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को ज्यादा सीट मिलेंगी। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



# अरुण गवली की समय से पहले रिहाई!

## महाराष्ट्र सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने गैंगस्टर से राजनीतिक नेता बने अरुण गवली की समय से पहले रिहाई का मार्ग प्रशस्त करने वाले बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट 3 जून को सुनवाई करेगा। वर्तमान में गवली मुंबई के शिवसेना पार्षद कमलाकर जामसांडेकर की 2007 में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ राज्य सरकार की उस याचिका पर सुनवाई करेगी जिसमें गवली की समय से पहले रिहाई का विरोध किया गया है। गवली को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के प्रावधानों के तहत भी दोषी ठहराया गया था।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# मुंबई में बाढ़ से निपटने के लिए 481 पंपों से होगी जल निकासी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मानसून की दस्तक कभी भी हो सकती है ऐसे में भारी बारिश के कारण मुंबई में बाढ़ की स्थिति निर्माण न हो इसके लिए बीएमसी प्रशासन ने जोरदार तैयारियां कर रहा है। नदी-नालों की सफाई के साथ ही प्री-मानसून कार्यों को समय पर पूरा करने की जद्दोजहद की जा रही है। भारी बारिश के दौरान जलजमाव न हो इसके लिए चिन्हित इलाकों में 481 पंपों से जल निकासी की जाएगी। इसमें मुंबई शहर में 187, पूर्वी उपनगर में 124 और पश्चिमी उपनगर में 166 पंप लगाए जाएंगे।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**



### बाधित न हो रेल सेवा

बीएमसी अधिकारियों के अनुसार रेल पटरियों पर पानी भरने के कारण मुंबई की लाइफ लाइन कहे जाने वाली लोकल सेवा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। इसलिए रेलवे किनारे नालों की सफाई पर विशेष जोर दिया गया है। ट्रेन में पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम रखा जाएगा। मुंबई शहर, पूर्वी और पश्चिमी उपनगर में 25 मंडल स्तरीय नियंत्रण केंद्र कार्य कर रहे हैं। इन सभी नियंत्रण केंद्रों के सभी उपकरणों से सुसज्जित रखने का निर्देश दिया गया है। फैसला है कि किसी भी हाल में यातायात प्रभावित नहीं होना चाहिए।

## हमारी बात

### दक्षिण अफ्रीका में बदलाव

एएनसी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राजनीतिक यात्राओं में काफी समानता है। क्या एएनसी नई चुनौतियों से उबरने में कामयाब होगी? या धीरे-धीरे दक्षिण अफ्रीका की राजनीति में उसकी स्थिति वैसी ही हो जाएगी, जैसी भारत में इंडियन नेशनल कांग्रेस की हुई? दक्षिण अफ्रीका में रंगभेदी शासन खत्म होने के बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब सत्ताधारी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एनएसी) के पास बहुमत नहीं होगा। अब उसे अपना राष्ट्रपति चुनवाने के लिए किसी सहयोगी दल की जरूरत पड़ेगी। (दक्षिण अफ्रीका में कार्यकारी शक्ति राष्ट्रपति के हाथ में होती है, जिनका चुनाव संसद करती है।) रंगभेद की समाप्ति के बाद दक्षिण अफ्रीका में पहली बार 1994 में चुनाव हुए थे। 30 साल बाद एनएसी को पार्टी में फूट, लोगों की बढ़ी मुश्किलों, और भ्रष्टाचार की गंभीर की शिकायतों के कारण बहुमत गंवाना पड़ा है। पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए थे। इस कारण एएनसी का नेतृत्व उनकी हाथ से निकल गया। तब उन्होंने अपनी पार्टी बना ली, जिसे जुलु कबीले के वर्चस्व वाले क्वाजुलु नटाल प्रांत में जोरदार सफलता मिली है। राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें 11 फीसदी वोट मिले हैं। उधर नई उभरी वामपंथी पार्टी- इकॉनमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) ने 8 प्रतिशत वोट हासिल कर प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। इन दोनों पार्टियों के कारण एएनसी को 15 प्रतिशत से अधिक वोट गंवाने पड़े। इस बार वह लगभग 42 फीसदी वोट ही पा सकी। इसलिए अब अगर वर्तमान राष्ट्रपति साइरिल रामफोसा को फिर राष्ट्रपति बनना है, तो उन्हें ईएफएफ या जुमा की पार्टी के साथ गठबंधन करना होगा। दोनों पार्टियों की अपनी-अपनी मांगें हैं। रामफोसा पहले ट्रेड यूनियन नेता थे, लेकिन बाद में व्यापारी बन गए। उनके शासनकाल में भ्रष्टाचार की शिकायतें गहराई हैं। इस कारण भी उनकी स्थिति कमजोर हुई है। दरअसल, एएनसी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राजनीतिक यात्राओं में काफी समानता है। दोनों ने अपने-अपने देशों में मुक्ति संग्राम का नेतृत्व किया। सफलता मिलने के बाद उन्होंने आरंभिक राष्ट्र-निर्माण किया। इससे मिली लोकप्रियता के आधार पर दोनों ने 30 साल तक बिना किसी चुनौती के राज किया। मगर तीन दशक के बाद उन्हें नई राजनीतिक परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। अब देखने की बात यह होगी कि एएनसी सामने आई चुनौतियों का हल निकालने में कामयाब होती है, या धीरे-धीरे उसकी स्थिति दक्षिण अफ्रीका की राजनीति में वैसी ही हो जाती है, जैसी भारत में इंडियन नेशनल कांग्रेस की हुई।

# मधुबनी में बारिश होने से लोगों को गर्मी से मिली थोड़ी राहत, पर मधुबनी नगर में कई जगह हुआ जल जमाव

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मधुबनी।** मधुबनी शहर और गांव में लगातार कई दिनों से गर्मी का प्रकोप इतना हुआ कि लोग गर्मी से बेहाल हो गए थे जुमेरात को पारा 45 डिग्री के पार चला गया जिससे लोगों को गर्मी के कारण पसीना और कई तरह की परेशानियां होने लगी इसी बीच जुमा को रात में कुछ देर मूसलाधार बारिश हुई जिससे नगर वासियों को थोड़ी गर्मी से राहत मिली तो वहीं दूसरी ओर एक नई समस्या जो जल जमाव के रूप में देखने को मधुबनी शहर और गांव में मिली मधुबनी शहर और गांव में बन रहे रोड नाली के कारण दोनों ओर सड़क किनारे जल जमाव हो गया जिससे लोगों को



काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा क्योंकि नगर निगम के द्वारा पानी निकासी की व्यवस्था अब तक नहीं की गई है जिस कारण जगह-जगह पर जल जमाव की समस्या को देखने को मिला इसके साथ ही मधुबनी स्टेडियम रोड वार्ड नंबर 33मनहर रोड और रहमतुललाह। हबिबुल घर से मास्टर मौलाना निजामुद्दीन घर सप्ता रोड गोशाला रोड के बाहर भी जल जमाव से और सदर अस्पताल रोड संस्कृत स्कूल रोड सदर अस्पताल में आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा मधुबनी शहर और गांव के लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द नगर-निगम प्रशासन द्वारा इस जल जमाव की समस्या को दूर किया जाएअन्यथा मानसून के बाद मूसलाधार बारिश जब होने लगेगी तो मधुबनी शहर और गांव चारों तरफ जल जमाव के कारण नगर वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

# युवक की हत्या कर शव नदी किनारे फेंका, मधुबनी में कुछ लोग घर से ले गए थे बाहर आक्रोशितों ने दामोदरपुर बनकटा रोड किया जाम

**मधुबनी।** मधुबनी के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव के बछराजा नदी के पास 23 वर्षीय युवक का शव स्थानीय लोगों देखा शव मिलने की खबर तेजी से पूरे इलाके में फैल गई नदी के पास शव मिलने की खबर बेनीपट्टी थाना को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है मृतक की पहचान दामोदरपुर गांव के हरखू झा के बेटे मुन्ना भाई कुमार (23) के रूप में हुई है ग्रामीणों में चर्चा हो रही कि



गुरुवार की शाम युवक के घर पर बाइक से कुछ लोग आए और बाहर बुलाकर अपने साथ ले गए। वहीं, जब देर रात तक युवक घर वापस नहीं आया तो घर के लोग परेशान हो गए। उसे ढूंढने लगे, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सकाबेनीपट्टी थाना अध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया की जा रही है पुलिस मामले की हर पहलू पर जांच कर रहीयुवक की हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने दामोदरपुर बनकटा मुख्य सड़क पर बांस बल्ला लगाकर जाम कर दिया है।

# जन्म के पहले से मृत्यु के बाद तक फर्ज निभाती पुलिस

**कानपुर।** यहां के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश निर्देश और उनकी अगुवाई में कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में हर संभव प्रयास लगातार जारी हैं। इसके लिए उनके मातहत थाने पर आने वाली पीड़ितों की समस्याएं हल करने, हर तरह के अपराधियों के खिलाफ प्रभावी करने, दुकानदारों व्यापारियों आदि को आपराधिक घटनाओं का शिकार होने से बचने के लिए दुकानों, प्रतिष्ठानों को निर्धारित उचित समय तक ही खोलने के लिए अपील करने और लोगों को समझाने में भी कसर नहीं रख रहे। इसी क्रम में कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने में भी अग्रणी तथा आम जनता में सुरक्षा की भावना को और प्रगाढ़ करने के लिए अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के साथ ही लगातार गश्त में भी जुटे गोविंद नगर के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार मिश्रा की अगुवाई में अतिरिक्त इंस्पेक्टर अभय सिंह ,सब इंस्पेक्टर भूटान सिंह ,रतनलाल नगर के अरविंद मिश्रा समेत सभी चौकी प्रभारियों और अन्य पुलिस वालों का भी परिश्रम पूर्ण सफल प्रयास लगातार जारी है। कुल मिलाकर कानपुर के चुनौती पूर्ण थानों में से एक गोविंद नगर में वर्तमान में नियुक्त चल रहे इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्रा और अतिरिक्त इंस्पेक्टर अभय सिंह समेत लगभग सभी पुलिस कर्मी सकुशल लोकसभा चुनाव में अपनी सराहनीय भूमिका के निर्वहन के बाद थाना क्षेत्र में बरकरार कुशलता की रक्षा के लिए पहले की तरह



लगातार फिर तत्पर हैं। जहां तक किसी की भी किसी भी पद या स्थान पर नियुक्ति का सवाल है। इसका भी अपना आध्यात्मिक पक्ष है, जिसके मुताबिक स्थानांतरण या किसी भी पद पर नियुक्ति के रूप में आपके कदम धरती के उस स्थान पर भी पड़ते हैं ,जहां जन्म के बाद पहले कभी नहीं पड़े होते और उन लोगों से भी मुलाकात होती है ,जिनसे पहले कभी नहीं मिले होते। कहने का आशय यह कि जैसे जन्म तय है। मृत्यु तय है। ठीक वैसे ही जन्म और मृत्यु के बीच वाले काल खण्ड यानी जीवन समय के अनुरूप यह भी तय है कि कौन , कब , कहां पर, कब तक ,किसके साथ और संसार के संचालन की ईश्वरीय व्यवस्था में अपनी क्या भूमिका अदा करेगा। इस आध्यात्मिक दृष्टिकोण मुताबिक अगर कोई पीड़ित और दुखी व्यक्ति सहायता के लिए आता है तो इसका मतलब है कि उसके रूप में परमेश्वर ही हमारी ,आपकी या किसी की भी सक्षमता और संपन्नता की परीक्षा लेने आया है ...और इसमें भी आपके आगे का जीवन मार्ग सुखमय होगा या दुखमय इसका भी निर्णय उस पीड़ित और दुखी व्यक्ति की दुआएं या बद्दुआएं करती हैं ,जो आपके पास सहायता के लिए आता है, क्योंकि किसी के प्रति भी दुआओं और बद्दुआओं के रूप में बोले गए शब्द कभी नष्ट नहीं होते। और अगर होते तो हमारी या किसी की भी मोबाइल से बात नहीं होती और ना ही वायरलेस जैसे यंत्र इसका प्रमाण बनते, क्योंकि अजर, अमर, अविनाशी अक्षर से शब्द और शब्द से बने वाक्य ही लिखने, पढ़ने और बोलने के रुप में ही इस संसार का संचालन करते हैं। मतलब अगर कुछ लिखा न जाए , पढ़ा ना जाए या आदेशात्मक रूप में कुछ कहा या बोला ना जाए तो इस संसार का संचालन हो ही नहीं सकता। इसी संदर्भ में अगर छोटे या बड़े पद के रूप में किसी भी व्यक्ति के पुलिस विभाग में सेवारत होने का सवाल है तो किसी भी साधारण या फिर किसी सक्षम पद के रूप में पुलिस विभाग में सेवारत होना संसार के अन्य सभी पदों और विभागों की अपेक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि संसार के संचालन की ईश्वरीय व्यवस्था में जितनी बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका पुलिस विभाग की है, उतनी बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका संसार के किसी अन्य विभाग अथवा किसी अन्य सर्वोच्च पद धारक की भी कदापि नहीं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# जल डिपार्टमेंट महानगर पालिका मलाड पश्चिम द्वारा बिछाई गई टूटी फूटी पाइप लाइनों के कारण हमेशा रहता है जलभराव

## लंबे वक्त से यहां के कच्चे रोड का ऐसा आलम है कि यहां से गुजरना और खास कर मालवनी के नागरिकों का जीना हुआ है मुश्किल





**क्या जिम्मेदारों की आंखों पर पट्टी बंधी है?**

**मुंबई हलचल/सैय्यद जमाल अख्तर**

**मुंबई।** मुंबई उपनगर, सर्व चर्चित भीड़भाड़ वाला मलाड मालवनी में कच्चे रोड के नाम से जाने जानेवाले रोड की हालत इतनी बद से बदतर है कि यहां रोज मरा की जिंदगी बसर कर राय नगरवासियों समेत आवाजाही कर रहे ला तादाद वहां चालकों का जीना दुश्वार होता नजर आ रहा है। बताया जाता है कि पिछले लंबे समय पूर्व से सैकड़ों बार मलाड पश्चिम मालवनी स्थित के इस रोड पर इसे दुरुस्त,पक्का करने और इसकी मरम्मत करने के बड़े बड़े वायदों करते हुए स्थानीय इलाके के बड़े बड़े जिम्मेदार नेताओं के हाथों नारियल फोड़े गए हैं मगर कच्चे रोड की हालत बदलती हुई अबतक नजर नहीं आ रही है। आने जाने वाले राहगीरों की परेशानी बनी हुई है दुर्घटनाएं प्रतिदिन होती रहती हैं मगर कोई इस बाबत सुध लेने वाला नहीं है। मुंबई हलचल,अपने अखबार के माध्यम से प्रशासन को आगाह करता रहा है। सुरते हाल ऐसा है कि इस कच्चे रोड की सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों की भरमार हैं। कहीं सड़क पर स्पीड बेकार नहीं है, इन सबके चलते मालवणी में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसे मनपा प्रशासन की सुस्त चाल और लापरवाही ही कहा जाएगा। जिससे सड़क सुधार परियोजना ठेकेदारों को सुधार की कोई सुद और परवाह नहीं है। जिसके चलते बाइक सवार और ऑटो रिक्शा चालकों के जीवन पर बड़ा खतरा मर्डरा रहा है। न्यू कलेक्टर कंपाउंड में हॉस्पिटल का निर्माण होने के कारण आए दिन और रात यहां से बड़ी-बड़ी गाड़ियां भी गुजरती है मगर रोड की हालत आप तस्वीरों में जरूर देखेंगे तो पता चलेगा यहां आए दिन बाइक सवार अपने बाइक को लेकर लड़खड़ाते जाते हैं ऐसे में सड़क पर महानगर पालिका रोड डिपार्मेंट की अनदेखी के चलते अक्सर दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इस सड़क पर चलते समय लोगों के मन में भय व्यस्त रहता है जब इस सड़क के बारे में एक स्थानीय निवासी श्याम बिचारे से, बातचीत की गई तो उसने कहा इस सड़क पर चलना काफी खतरनाक है। यहां आए दिन सड़क में अनेकों बड़े गड्ढे होने के कारण बाइक से गुजरने वाले और रिक्शा चालकों को बड़ी मुश्किल होती है। इसमें मनपा प्रशासन से लेकर राज्य प्रशासन के जिम्मेदारों सरकारी बाबुओं तक सभी की खासे मिली भगत दिखती है। आए दिन इन सड़कों पर सैकड़ो नारियल फोड़े जाते हैं मगर इस रोड की खस्ताहाल सड़क के साथ मालवणिकरो के कभी अच्छे दिन नहीं आते। जबकि इस कच्चे रोड की आम नागरिकों से लेकर नगरसेवक,विधायक और सांसदों समेत तमाम सरकारी अधिकारियों को इन्हीं रास्तों से गुजरने की अक्सर जरूरत पड़ती है मगर इन सभी जनो को यह खस्ताहाल कच्ची रोड की सड़के नजर नहीं आती। अभी तो बारिश का मोसम आया भी नहीं है फिर भी इस रोड की सड़कें गंदे पानी, गंदगी,और कीचड़ से लबा लब नजर आती है। अगर ऐसे समय में इस सड़क का इतना बुरा हाल है तो आनेवाले बरसात के दिनों में कितना बुरा हाल हो सकता है इसकी किसी जिम्मेदार लोगों को कुछ कल्पना भी नहीं लगती होगी। या यूं कहिए कि इस तरफ का सुरते हाल देख कर भी इसे नजर अंदाज करने की इन सबकी आदत बन गई है।शायद यही वजह है कि यहां के नगरवासियों का और जरूरतमंद वहां चालकों का जीना दुश्वार होता नजर आ रहा है। हमारे चर्चित मुंबई हलचल न्यूज द्वारा हम जिम्मेदार मनपा प्रशासन,पुलिस प्रशासन , राज्य प्रशासन और यहां के नगर सेवक, विधायक और सांसदों से अपील है कि इंसानियत के नाते इस विषय की जल्द से जल्द संज्ञा ले।

# महिलाओं को वेदमंत्र न पढ़ने के अधिकार की बात कहने वाले अज्ञानी



**कानपुर।** रविवार को आर्य समाज सत्संग में गायत्री मंत्र की व्याख्या करते हुए जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की प्रधान चंद्रकांता गेरा ने कहा कि गायत्री मंत्र में बुद्धि की प्रार्थना के साथ साथ ईश्वर की स्तुति भी है और उपासना भी है। वेद में कहीं भी नहीं लिखा कि महिलाओं को वेदमंत्र व गायत्री मंत्र पढ़ने का अधिकार नहीं है जबकि कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री, देवकीनंदन ठाकुर, जया किशोरी व अनिरुद्ध आचार्य जी ने कहा गायत्री पढ़ने का अधिकार महिलाओं को नहीं है। वैदिक काल में गार्गी , मैत्रेई, सीता, अपाला घोषा, माता कौशल्या, भारती आदि विदुषी यज्ञ करती भी थी यज्ञ करवाती भी थी। महर्षि स्वामी दयानंद जी ने अपने अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश में लिखा जहां नारियों की पूजा होती है वहीं देवता निवास करते हैं महिलाओं को भी गायत्री पढ़ने का अधिकार है। यह मंत्र सबके लिए बुद्धि की कामना करता है। इसके पश्चात श्रीमती मीनाक्षी दुआ ने सत्यार्थ प्रकाश की चर्चा करते हुए बताया कि यह सृष्टि कैसे बनी ईश्वर निराकार है या साकार हैं। समुद्र, वनस्पतियां, पशु पक्षी की रचना उस प्रभु ने कैसे की। ईश्वर निराकार है या साकार। इसके पश्चात ईश्वर भक्ति के भजन, माता वींरा चोपड़ा, निधि गेरा, श्वेता ने प्रस्तुत किए। मंच का संचालन मंत्री अनिल चोपड़ा ने किया। इस अवसर पर शुभकुमार वोहरा, प्रधान वींरेंद्र मल्होत्रा, प्रकाश वीर आर्य, त्रिलोकी नाथ रावल, सुरेन्द्र गेरा, संजय दुवा, आदि उपस्थित रहे।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**अरुण गवली की समय से पहले रिहाई।**

बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ ने 5 अप्रैल को गवली की याचिका स्वीकार कर ली थी, जिसमें उसने 10 जनवरी, 2006 की छूट नीति के आधार पर राज्य सरकार को समय से पहले रिहाई के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया था, जो 31 अगस्त, 2012 को उसकी सजा की तारीख पर लागू थी। गवली ने दावा किया है कि उसने 2006 की नीति की सभी शर्तों का पालन किया है। उसने कहा कि राज्य प्राधिकारियों द्वारा समय से पहले रिहाई के लिए उसके आवेदन को खारिज करना अन्यायपूर्ण और मनमाना है और इसे खारिज किया जाना चाहिए। गवली ने दलील दी है कि वह 65 वर्ष की उम्र पूरी कर चुका है और मेडिकल बोर्ड ने उसे कमजोर घोषित किया है, जिससे वह नीति का लाभ उठाने का पात्र है।

**मुंबई में बाढ़ से निपटने के लिए 481 पंपों से होगी जल निकासी**

भारी बारिश के दौरान निचले इलाकों में पानी की निकासी के लिए पंप लगाए जाते हैं। इस साल भी शहर व उपनगरों में 481 स्थानों पर पंप लगाए जाएंगे। इसके लिए जियो टैगिंग का प्रयोग किया जाएगा। यदि कोई पंप ठीक से और समय पर काम नहीं कर रहा है, तो जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। बीएमसी प्रशासन ने मानसून को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। निचले इलाकों में जलजमाव, आपात स्थितियों से निपटने, पहाड़ियों व खतरनाक इमारतों में रहने वालों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की युद्धस्तर पर कोशिश की जा रही है। बारिश के दौरान सेना, कोस्ट गार्ड, एनडीआरएफ, म्हाडा, परिवहन, यातायात, पुलिस फायर ब्रिगेड को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। मानसून के दौरान निचले इलाकों में जलभराव की चुनौती से निपटने के लिए सभी प्रणालियों के समन्वय में काम करने का फैसला लिया गया, ताकि हर चुनौतियों से निपटा जा सके।

**एनडीए को 400 से अधिक सीट मिलेंगी**

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख आठवले ने कहा, महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति 35 से 40 सीट (48 में से) जीतेगी और देश में राजग को 400 से अधिक सीट मिलेंगी। आठवले की पार्टी राजग में शामिल है। महाराष्ट्र में महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा शामिल हैं। आठवले ने कहा कि पिछले साल राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा को एग्जिट पोल की भविष्यवाणी से कहीं अधिक सफलता मिली थी। उन्होंने कहा, अब एग्जिट पोल में राजग को 375 सीट मिली हैं, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन 400 सीट पार कर जाएगा।

**उद्धव ठाकरे 15 दिन में मोदी सरकार में होंगे शामिल**

देश का भविष्य उज्ज्वल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जरूरत है। राणा के दावे पर एकनाथ शिंदे गुट के संजय शिरसाट ने कहा कि मोदी सरकार में शामिल होना न होना वह उद्धव ठाकरे का वैयक्तिक निर्णय है। लेकिन उन्हें सरकार में शामिल करने को लेकर नरेंद्र मोदी, अमित शाह, एकनाथ शिंदे निर्णय लेंगे।

# सौ राजश्री विकास मोहिते के गन्ने के खेत में नुकसान के लिए तंटामुक्ती समिति ओर पुलिस पाटील के पंचनामे की रिपोर्ट से नाखुश

**सांगली।** सांगली महाराष्ट्र के तहसील कड़ेगाव के मोहिते वडगाव ग्राम मे महिला किसान राजश्री विकास मोहिते के गन्ने की फसल को किसी ने नुकसान पहुचाने के उद्देश से फसल को किसी अनजाने व्यक्ती ने नुकसान पहुचाया है, ऐसा महिला किसान का कहना है जिस से किसान महिला चिंताग्रस्त और दुःखी हैं। महिला किसान ने जब अपने गन्ने को पानी देने के लिए खेत में गई तो उन्हें अपने खेत में गन्ने की फसल का नुकसान नजर आया, महिला ने ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित मोहिते वडगांव ग्राम तंटामुक्ती समिती और ग्राम पुलिस पाटिल को लिखित निवेदन देते हुए अपने खेत की फसल के नुकसान की जानकारी दी, जिस के उपरांत समिति एवम पुलिस पाटिल ने खेत में जा के पंचनामा किया जिस में पुलिस पाटिल एवम समिती का कहना है, बंदरो के द्वारा नुकसान किया है , महिला किसान इस फैसले से न खुश



है, महिला किसान का कहना है की उसे के गन्ने की 10 से11 लाइन हे, अगल बगल भी गन्ने की फसल हे, उन्हीं की फसल का नुक्सान केसे बंदर कर सकते है, जब की आजूबाजू के खेतो में भी गन्ना है, साथ हुए अन्याय के लिए न्याय मिले ना मिलने पे महिला किसान नाराज है। महिला किसान सौ राजश्री विकास मोहिते अपने दो बेटो के साथ गांव में रहती हैं, महिला अपना और बच्चों के उदार निर्वाह के लिए खेती करती हैं, राजश्री विकास मोहिते ने दी जानकारी अनुसार अपने किसी काम की वजह से महिला मुंबई गई हुई थी, जब वह वापस आ अपने खेत में गई तो उन्हें अपने खेत की गन्ने की फसल का नुकसान नजर आया, जिस का पंचनामा कर दोषी के खिलाफ मोहिते वडगांव तंटामुक्ती समिती, मोहिते वडगांव के पुलिस पाटील को खेत की फसल के नुकसान की इस घटना की ज्ञापन द्वारा जानकारी दी है।

## खबर संक्षेप

### जेल में कैदी को पीट पीटकर मार डाला




**कोल्हापुर।** यहां कलंबा सेंट्रल जेल में एक कैदी को कुछ अन्य कैदियों ने नाली के ढक्कन से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। घटना से कलम्बा सेंट्रल जेल में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि मृतक कैदी 1993 में मुंबई के बम विस्फोट हमले का आरोपी था। मृतक कैदी का नाम मुन्ना उर्फ मोहम्मद अली खान उर्फ मनोज कुमार भवरलाल गुप्ता है। यह टंकी के पास में नहाने गया था।

### ट्रक में पीछे से घुसी कार मां सहित तीन की मौत



**लखीमपुर खीरी।** जिले में रविवार को एक और बड़ा हादसा हो गया। उचौलिया थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर पेट्रोल पंप के निकट रविवार को सुबह करीब 11 बजे एक कार नियंत्रित होकर पीछे से कंटेनर में जा घुसी। हादसे में लखनऊ की महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। उसके पति समेत दो लोग घायल हुए हैं। इनकी हालत नाजुक बताई गई है।

### सोनभद्र में भूकंप के झटके, 3.9 रही तीव्रता



**सोनभद्र।** यूपी के सोनभद्र में रविवार की दोपहर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसका मुख्य केंद्र जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर की दूरी पर चुर्क नगर पंचायत का गुरमा क्षेत्र रहा। जहां जमीनी सतह से दस किलोमीटर नीचे रिक्टर पैमाने पर 3.9 तीव्रता का भूकंप मापा गया। रविवार की दोपहर करीब 3 .50 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए।

## दिल्ली, महाराष्ट्र और राजस्थान तो भारी गर्मी से झुलस गए

# कहीं भीषण गर्मी तो कहीं पर बर्फबारी भारी बारिश-बाढ़ ने भी किया बेहाल

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

गर्मी इस बार सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। दिल्ली में तो 79 साल का रिकॉर्ड टूट गया और पारा 52 डिग्री के पार चला गया। तापमान रोज लोगों को टॉर्चर दे रही है। कई शहरों में लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं असम और मणिपुर में बारिश और बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है। नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम लोगों को राहत दे सकती है। उत्तर भारत में आग बरस रही है। लेकिन पूर्वोत्तर में इस वक्त सैलाब का सितम है। दिल्ली से राजस्थान तक पारा 50 डिग्री का आंकड़ा छू रहा है तो वहीं पहाड़ों पर कुछ दिनों से बर्फ का राज है। मनाली में बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के बाद लोग ठंड से ठिठुर रहे हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### मौसम विभाग का पूर्वानुमान, कई राज्यों में बारिश से मिलेगी राहत



**नागांव।** नागांव जिले में रविवार को चक्रवात रेमल के बाद हुई बारिश के बाद आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क पर लोग दोपहिया वाहन चलाते हुए।

#### कब मिलेगी राहत?

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार बिहार, झारखंड और ओडिशा में लू की स्थिति कम होने की उम्मीद है। मानसून की दस्तक के बाद पहाड़ी राज्यों में भी आसमान में बादल छाए हुए हैं। उत्तराखंड के नैनीताल, केदारनाथ और बद्रीनाथ में जोरदार बारिश हुई है। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश के मनाली स्नोफॉल के बाद यहां मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग का मानना है कि अगले 1-2 दिनों में उत्तराखंड और हिमाचल के कई हिस्सों में बारिश हो सकती है।

#### इतनी गर्मी की वजह

बढ़ती गर्मी के पीछे के कई कारणों में से एक कारण बढ़ता औद्योगीकरण भी है। पेड़ काटे जा रहे हैं और शहर कंक्रीट में बदलता जा रहा है। क्लाइमेट चेंज भी बढ़ती गर्मी का कारण है। इसके अलावा नीनो इफेक्ट ने गर्मी को बढ़ा दिया है। नीनो इफेक्ट यानी प्रशांत महासागर के कई इलाकों में समुद्र का तापमान जब बढ़ता है तो गर्म होने वाली हवा मौसम को गर्म करती है।अल नीनो 2023 से शुरू होकर जून 2024 तक रह सकती है। इसके बाद मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

**यहां गरजेंगे बादल और चलेगी आंधी**

पिछले कुछ दिनों से इन राज्यों में भारी गर्मी ने लोगों का पसीना निकाला हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4-5 दिनों तक पूर्वोत्तर भारत और दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भारी से बहुत भारी बारिश जारी रहने की संभावना है।



## नवंबर में सीजेआई बनने की संभावना

# जहां की थी वकालत, वहीं सीधे जज बने जस्टिस विश्वनाथन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ नवंबर में रिटायर हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट की सीनियॉरिटी लिस्ट पर नजर डालें तो 2030 तक जो जज सीजेआई बनने वाले हैं, उसमें जस्टिस केवी विश्वनाथन भी शामिल हैं। वे पिछले साल से ही वकील से सुप्रीम कोर्ट के जज बनाए गए थे। वे अगस्त 2030 में 58वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बनने की कतार में है। जस्टिस विश्वनाथन का जीवन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। किराए के कमरे से जूनियर एडवोकेट, फिर सीनियर एडवोकेट और सुप्रीम कोर्ट का जज बनने की कहानी दिलचस्प है।

#### इनको जानिए

जस्टिस विश्वनाथन मूल रूप से तमिलनाडु के पोलाची के रहने वाले हैं। उनका पूरा नाम कलापति वेंकटरमन विश्वनाथन है। 26 मई 1966 को जन्में जस्टिस विश्वनाथन की शुरुआती पढ़ाई लिखाई पोलाची के आरोकिया माता मैट्रिकुलेशन स्कूल, सैनिक स्कूल अमरावतीनगर और सेंट जोसेफ हायर सेकंडरी स्कूल में हुई। इसके बाद कोयंबटूर लॉ कॉलेज आ गए। यहां फर्स्ट रैंक के साथ बीए-एलएलबी की डिग्री हासिल की। यहां 5 साल के लॉ कोर्स के पहले बैच के छात्र थे।उन्होंने 1988 में बार काउंसिल ऑफ तमिलनाडु में एनरोलमेंट कराया और प्रैक्टिस शुरू कर दी। थोड़े दिनों बाद दिल्ली आ गए।

# पत्रकार जफर सिद्दीकी और उनके साथीयों ने एयरपोर्ट पर दी सभी हाजियों को मुबारकबाद

**मुंबई।** पवित्र हज यात्रा की शुरूआत 26 मई से मुंबई से पहली उडान के साथ शुरू हो चुकी है। जिसके चलते पवित्र हज यात्रा में जाने वाले हज यात्रियों को उनकी इस पवित्र हज यात्रा के चलते मुंबई के शहर भर के विभिन्न स्थानों तथा हज यात्रियों के निवास पर मुबारकबाद देने वाले शुभचिंतकों की भीड लग रही है। कई शुभचिंतक निवास स्थान व हज हाउस और मुंबई एअरपोर्ट पर हज यात्रियों को गुलाब फुल माला पहनाकर उनका सत्कार व विदाई कर रहे है। बता दें कि इस बार हज कमेटी ऑफ इंडिया (महाराष्ट्र) व्दारा अमरावती जिले से लगभग 750 से अधिक हज यात्री पवित्र यात्रा पर रवाना होने वाले है। जिसके चलते हज यात्रियों को मुंबई हज हाऊस से रिपोर्टिंग करने के बाद हवाई यात्रा शुरू करनी है। कई हज यात्री को हज हाऊस व मुंबई एयरपोर्ट से रवाना करने के लिए उनके परिवारिक सदस्य पहुंच रहे है। हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को विदाई देने के लिए उनके निवास पर परिचित व शुभचिंतक स्वागत सम्मान कर रहे है। वही कई स्थानों पर सामुहिक रुप से सत्कार कर विदाई दी जा रही है। शुक्रवार 31 मई को अमरावती से मुंबई के लिए बहोत लोग हज यात्रा के लिए मुंबई एअरपोर्ट पर आए जिनको मुंबई के मुस्लिम समाज के कई समाजसेवको ने हाजीयों को मुबारक बाद देकर दुवाओ की दरख्वास्त कि। इस वक्त हज को जानेवाले हाजीयो मे अमरावती के शेख हारुण, शब्बीर अली भाई, मुजफ्फरअली भाई, सय्यद साबीर भाई, शहेजादखान, आरीफ



भाई, अताउल्लाह भाई बडनेरा के लोकप्रिय समाजसेवक शेख नुर भाई, तवक्कल टाईल्स के संचालक काजी आहद अली, और कई शेकडो की संख्या में हाजीयो की मुंबई एअरपोर्ट पर हज के लिए रवाना होने के लिए आगमन हुआ जहां पर मुंबई के मुस्लिम समाज के लोकप्रिय समाजसेवक पत्रकार जफरसिद्दीकी, इर्शाद काजी, जमिल कुरेशी, लोकप्रिय समाजसेवक अब्दुल फहिम शेख, उसमान लाला, इन समाजसेवको ने हाजीयो का शुक्रवार 31 मई को मुंबई एअर पोर्ट पर रा 10 बजे स्वागत किया और उन्हे मुबारकबाद देकर दुवाओ की दरख्वास्त कि गई इस वक्त मौजुदगी में अमरावती के लोकप्रिय समाजसेवक फिरोजशाह उर्फ भुया भाई, शेख इमरान, सलाउद्दीन खान, सलीम भाई, हसनैन नियाजी, इरफान भाई, जिया पारेवाला, भैय्या जी, मोहसिन भाई, नदीम भाई, मुन्ना भाई, वसिम राजा, रेहान भाई, आबिद भाई, अब्दुल करीम भाई, दयार्पूर के डॉ. इकबालखान अफसर भाई, नासिर भाई और बहोत सारे फिरोज शाह के दोस्त मित्र लोग और समाजसेवको की मौजुदगी थी। हज यात्रियों को छोडने व विदाई देने वालों का तांता लगा हुआ है तथा हज यात्रियों को मुंबई एअरपोर्ट पर बिदाई देने वालों की भीड देखी जा सकती है। वही कई लोग जो हज के लिए मक्का-मदिना नहीं पहुंच सकते अपने व परिवार के लिए दुआ की हाजीयों से दरख्वास्त कि।

## उत्तराखंड के हवेली होटल का कारनामा

# अफसर यहां खा रहे थे कढ़ाई पनीर, निकली मुर्गे की हड्डी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

गजरौला में नेशनल हाईवे स्थित पूर्व सांसद हरीश नागपाल के हवेली होटल में उत्तराखंड के वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी श्रीश कुमार के खाने में परोसे गए कढ़ाई पनीर में मुर्गे की हड्डी निकल आई। वे शनिवार को उत्तराखंड से ओडिशा जाने के लिए निकले थे। दोपहर में गजरौला में हवेली होटल पर खाना खाने के लिए रुके। उनके बेटे हर्ष के आगे परोसे गए कढ़ाई पनीर में मुर्गे की हड्डी निकाली तो उनके होश में उड़ गए। उन्होंने मामले की शिकायत अमरोहा डीएम से की। मंडी धनौरा की एसडीएम पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गईं। खाद्य एवं



सुरक्षा विभाग की टीम को भी बुला लिया गया। टीम ने मांस लगी हड्डी का सैंपल लिया है। जिसे प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच पड़ताल के बाद एसडीएम ने होटल को सील कर दिया गया है। राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर श्रीश कुमार वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी हैं।

## देश के कई राज्यों में भीषण लू तो कहीं आंधी और बारिश

# घटनाओं की रोकथाम के लिए समुचित प्रबंध किए जाएं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में चल रही गर्मी की स्थिति और मानसून की शुरुआत होने के बाद क्या तैयारियां की गई हैं इसकी समीक्षा की। पीएम ने आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास जारी रखने का निर्देश दिया। पीएम ने अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों का फायर ऑडिट और इलेक्ट्रिकल सेफ्टी ऑडिट नियमित रूप से कराने का निर्देश दिया। पीएम ने बताया कि देश के अधिकतर हिस्सों में मानसून सामान्य और सामान्य से ऊपर और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।

### पीएम मोदी ने की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश



**तैयारियों का लिया जाएजा**

#### पीएम ने दिए निर्देश

पीएम ने निर्देश दिया है कि आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए उचित अभ्यास नियमित आधार पर किया जाना चाहिए। अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों का अग्नि ऑडिट और विद्युत सुरक्षा ऑडिट करें। जंगलों में फायर-लाइन के रखरखाव और बायोमास के उत्पादक उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए।

**'वन अग्नि' पोर्टल की जानकारी ली**

पीएम ने जंगल की आग की समय पर पहचान और उसके प्रबंधन में वन अग्नि पोर्टल की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में प्रधान सचिव, कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव, एनडीआरएफ के महानिदेशक और एनडीएमए के सदस्य सचिव और संबंधित मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

#### लू और मानसून की स्थिति को भी जाना

पीएम मोदी ने लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर देश में चल रही गर्मी की लहर की स्थिति और मानसून की शुरुआत की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। पीएम को बताया गया कि आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में गर्मी की लहर जारी रहने की संभावना है। देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून सामान्य और सामान्य से ऊपर और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम रहने की संभावना है।

# फिल्म निर्देशक अंजन गोस्वामी व अनीता गोस्वामी ने किये धूमधाम के साथ 14वां राष्ट्रीय समाज रत्न पुरस्कार किया

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म जगत के दबंग फिल्म डायरेक्टर अंजन गोस्वामी तथा अनीता अंजन गोस्वामी ने मिलकर आप की आवाज फाउंडेशन की तरफ से हालही में मुंबई मयूर हॉल अंधेरी में 14वाँ राष्ट्रीय समाज रत्न अवार्ड शो बड़े धूमधाम के साथ आयोजित किया। इस अवार्ड शो में मुख्य अतिथि के तौर पर धड़क कामगार यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिजीत राणे मौजूद थे। गौर तलब हो कि इस अवार्ड शो में बॉलीवुड फिल्म जगत के बड़े बड़े एक्टर और एक्ट्रेस को भी अवार्ड देकर सम्मानित किया गया है। जैसे कि बॉलीवुड के प्लेबैक सिंगर उदित नारायण, विजय बेनेडिक्ट, प्रेटी पिंकी, टीनू वर्मा, धीरज कुमार, दीपक पराशर, अरुण बक्शी, मुश्ताक खान, एसीपी संजय पाटील, संध्या विश्वकर्मा, ॠतु गोयल, आलम मन्नत, जीत कपूर, टीना घई, अंजली धमंगाओंकर, रिया माइकल, डॉ.अशोक गुप्ता, संजय घोष उर्फ रोनी, डॉ.शिवालिका खन्ना, सोनू



मिश्रा, प्रवीण झा, आबिद अली बेग, संजय सुतार, एड,शैलेश दुबे, प्रिंसिपल के.सिमसन, रियाज खान, राजकुमार जी.राव, शमशेर शेख, दिलीप सेन, प्रवीण मिश्रा, बी.एन.तिवारी, राजेश मित्तल, वैभव शर्मा, सिमरन आदि समेत अन्य कई लोगों को कामगार यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिजीत राणे के हाथों सम्मानित किया गया। गौर तलब हो कि इस अवार्ड शो में रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। अंत में आप की आवाज फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजन गोस्वामी और फाउंडेशन की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अनिता अंजन गोस्वामी आप की आवाज फाउंडेशन की तरफ से हर वर्ष गरीब लड़कियों की शादी करवाते हैं और हर साल जरूरतमंद बच्चों को नोटबुक वितरण किया जाता है। सिर्फ इतना ही नहीं हर वर्ष फाउंडेशन के माध्यम से विधवा औरतों को साड़ी वितरण और गरीब परिवारों को राशन वितरण का कार्य पूरे साल भर निरंतर किया जाता है। आप की आवाज फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजन गोस्वामी व राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अनिता अंजन गोस्वामी के विशेष प्रयासों द्वारा इस अवार्ड शो का सफल आयोजन किया गया।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सिविल सोयम के जंगल से आरक्षित वन में फैली आग, चपेट में आए ग्रामीणों के सेब बगीचे, लाखों की संपत्ति हुई खाक

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**त्यूणी।** सीमांत ग्रामीण इलाकों से सटे सिविल सोयम के जंगल से भड़की आग की चिंगारी आरक्षित वन क्षेत्र में फैलने से वन विभाग टीम की मुसीबत बढ़ गई। गर्मी का प्रकोप बढ़ने से एवं तेज हवाओं के चलते आग ज्यादा विकराल हो गई। जिससे कई ग्रामीण बागवानों के सेब बगीचे आग की चपेट में आने से लाखों की संपत्ति तबाह हो गई। चकराता वन प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी ज्वाला प्रसाद ने वन विभाग टीम को आग की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। जिससे आग के जंगल में फैलने से पहले उस पर काबू पाया जा सके। चकराता प्रखंड से जुड़े सीमांत इलाकों में कई जगह आग की घटनाएं सामने आने से वन विभाग टीम तुरंत हरकत में आ गई।

**वन विभाग के आला अधिकारी चौंकन्ने**

बावर खत के निनूस पंचायत से जुड़े जाक्टा गांव, बगूर, लखौ खत के नायली व कंडमाण क्षेत्र के बुल्हाड़ गांव के पास सिविल सोयम के जंगल में लगी भीषण आग की चपेट में आने से कई ग्रामीण बागवानों के सेब, नाशपाती, पुलम, आड़ू, खुमानी, अखरोट व अन्य प्रजाति के सैंकड़ों फलदार पेड़ जल गए। जंगल में आग की घटना के चलते वन विभाग के आला अधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया है। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में चकराता वन प्रभाग से जुड़े बावर रेंज दारगाड़ के वन क्षेत्राधिकारी महेश शर्मा, कनासर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी



कृष्ण सिंह भंडारी, देवघार रेंज त्यूणी के वन क्षेत्राधिकारी हरीश चौहान, मोल्टा रेंज चातरा के वन क्षेत्राधिकारी मनोज देवराड़ी और रिखनाड़ रेंज व रीवर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में फायर टीम आग बुझाने में जुटी है।

**सोयम के जंगल से भड़की आग की चपेट में आए सेब बगीचे**

चकराता के उप प्रभागीय वनाधिकारी ज्वाला प्रसाद ने कहा, जांच में पता चला कि बावर और कनासर रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र की सीमा सटे भंद्रोली, बगूर, जाक्टा, नायली व बुल्हाड़ गांव के पास सिविल सोयम के जंगल से भड़की आग की चपेट में आने से ग्रामीणों के सेब बगीचे जल गए।

सिविल सोयम के जंगल की आग विकराल होने से आरक्षित वन क्षेत्र के चीड़ जंगलों में फैल गई। आरक्षित वन क्षेत्र में आग की रोकथाम के लिए वन विभाग की कई टीमें बनाई गई है। बावर रेंज में वन विभाग की टीम स्थानीय लोगों की मदद से जंगल में लगी आग पर काबू पाने को भरसक प्रयास कर रही है।

**वन विभाग टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

एसीएफ ने कहा रविवार शाम तक वन विभाग टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पा लिया है। जिससे आरक्षित वन क्षेत्र के चीड़ जंगलों में आग को फैलने से बुझाया लिया गया। आग की रोकथाम के लिए संवेदनशील श्रेणी के चीड़ जंगलों में फायर लाइन काटी जा रही है। जिससे आग पर नियंत्रण पाया जा सके। एसीएफ ने सभी वनकर्मियों व फायर वाचरों को निरंतर निगरानी करने एवं सावधानी बरतने को कहा है।

### ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किए जाने की संभावना

# आगामी बैठक में रेपो दर में कटौती नहीं करेगा रिजर्व बैंक : विशेषज्ञ

मुंबई हलचल / मुंबई

मुद्रास्फीति की चुनौतियों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 5-7 जून के लिए निर्धारित है। विशेषज्ञों ने कहा कि एमपीसी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि आर्थिक वृद्धि जोर पकड़ रही है। रेपो दर फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत पर कायम है।

- चुनाव परिणाम के तुरंत बाद एमपीसी की बैठक निर्धारित
- रेपो दर फरवरी, 2023 से 6 .5 प्रतिशत पर कायम
- एमपीसी बैठक के फैसले की घोषणा सात




## दर यथास्थिति रखने का आठवां मौका होगा

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी बैठक के फैसले की घोषणा सात जून (शुक्रवार) को की जाएगी। लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे। यदि सात जून को ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया जाता है, तो यह यथास्थिति बनाए रखने का आठवां मौका होगा।

*मुद्रास्फीति में कमी आनी शुरू : एसोचैम अध्यक्ष ने कहा, 'हालांकि, मुद्रास्फीति में कमी आनी शुरू हो गई है, लेकिन सितंबर में मानसून सत्र खत्म होने के बाद ही व्यापक आर्थिक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।' इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि हाल के मुद्रास्फीति के आंकड़ों और खाद्य वस्तुओं की कीमतों के पूर्वानुमान से लगता है कि यथास्थिति बनी रहेगी।*

## गर्मी ने सब्जियों की कीमतें की प्रभावित



सबनवीस ने आगे कहा कि मुद्रास्फीति पर चिंता बनी हुई है और गर्मी ने विशेष रूप से सब्जियों की कीमतों को प्रभावित किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने भी उम्मीद जताई कि आगामी एमपीसी बैठक में रेपो दर को अपरिवर्तित रखने की उम्मीद है, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है।

## जीएसटी वसूली शीघ्र शुरू करने के निर्देश

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि प्रधान आयुक्त या आयुक्त स्तर के अधिकारी मांग आदेश की तामील के लिए निर्धारित तीन महीने से पहले माल एवं सेवा कर (जीएसटी) बकाया वसूलने के निर्देश जारी कर सकते हैं।

## अवधि के भीतर भुगतान न करने पर कार्यवाही शुरू करे

यदि कोई कर देने योग्य व्यक्ति सीजीएसटी अधिनियम के तहत पारित आदेश में तय राशि का तीन महीने के भीतर भुगतान नहीं करता है, तो कर अधिकारी इस अवधि की समाप्ति के बाद ही वसूली की कार्यवाही शुरू कर सकते हैं।

## क्षेत्रीय इकाईयां अवधि से पहले वसूली शुरू कर रही

असाधारण मामलों में जहां राजस्व के हित में ऐसा करना जरूरी है, लिखित में कारणों को दर्ज करने के बाद, कर देने योग्य व्यक्ति को तीन महीने से पहले राशि का भुगतान करने के लिए कह सकते हैं। सीबीआईसी ने कहा कि उसके संज्ञान में लाया गया है कि कुछ क्षेत्रीय इकाइयां आदेश की तामील की तारीख से तीन महीने की तय अवधि से पहले ही वसूली शुरू कर रही हैं।

## तीन माह से पहले वसूली शुरू करना जरूरी

सीबीआईसी ने कहा, 'इसलिए, क्षेत्रीय इकाइयों में कानून के प्रावधानों के कार्यान्वयन में एकरूपता लाने के लिए, बोर्ड ऐसे मामलों में पालन किए जाने वाले निर्देश जारी कर रहा है, जहां राजस्व के हित में आदेश की तामील की तिथि से तीन महीने से पहले वसूली शुरू करना जरूरी है।'

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# दिमाग को रखना हैं शांत तो ड्राई फ्रूट में खाएं सूरजमुखी के बीज



सूरजमुखी के फूल के बारे में तो आप सबने सुना होगा लेकिन इसके बीज भी सेहत के लिए बड़े ही फायदेमंद होते हैं। सूरजमुखी को एक औषधीय पौधा भी माना जाता हैं। इसके बीजों का इस्तेमाल ड्राईफूड के तौर पर भी किया जाता है। वहीं इसके तेल का इस्तेमाल भी बहुत ज्यादा किया जाता है। इसमें लिनोलिक एसिड, ओलिक एसिड, पामिटिक एसिड, विटामिन ई, डी और ए भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। आज हम आपको सूरजमुखी बीज के फायदे के बारे में बताते हं।

**आइए जानिए फायदें**

**1.दिमाग बनाए शांत**

इसके बीजों में ट्रीप्टोफैन उच्च मात्रा में होने के कारण यह आपके दिमाग को शांत रखने में काफी मदद करता हैं। यह आपको माइग्रेन और स्ट्रेस से छुटकारा दिलाता हैं।

**2.ह्रदय रोगों से बचाएं**

सूरजमुखी के बीज में विटामिन ई भरपूर मात्रा में होने के कारण यह मनुष्य शरीर में कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करके हार्ट अटैक आने से रोकते हैं। इसके बीजों में उच्च मात्रा में बीजाइन पाया जाता है, जो हाई ब्लड प्रेशर पर कंट्रोल पाता हैं।

**3.पाचन क्रिया में मदद**

इन बीजों में बड़ी मात्रा में फाइबर पाया जाता हैं। जो पेट की समस्याएं कब्ज, कैंसर और बवासीर जैसी बिमारियों से राहत देते हैं। इसके तेल की कुछ बूंदे दूध में डालकर पीने से कब्ज जैसी बीमारी से राहत मिल सकती हैं।

**4.हड्डियों को रखे मजबूत**

सूरजमुखी के बीजों में मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में होने के कारण यह हमारी हड्डियों को मजबूत और लचीलापन लाते हैं। इसमें मौजूद मैग्नीशियम हड्डियों की सरंचना करने में मदद करता हैं।

**5.अस्थमा से राहत**

अन्य तेल की तुलना में सूरजमुखी के तेल में विटामिन ई की भरपूर मात्रा पाई जाती हैं। इसलिए आप इसके तेल में खाना बना कर अस्थमा जैसी बीमारी से बच सकते हैं।

# 8 घंटे की नींद नहीं ली तो हो जाएंगे इन बीमारियों के शिकार



इस भागदौड़ भरी जिंदगी में चैन की नींद सो पाना हर किसी के नसीब में नहीं। लोग आजकल इतने व्यस्त है कि उन्हें सोने तक की फुरसत नहीं है, जिसके कारण लोगों की नींद अधूरी रह जाती है। कुछ लोगों तो अपने काम में इतने बिजी होतो है कि वो छोटी-छोटी झपकियों में ही अपनी नींद पूरी करते हैं। हर उम्र के लोगों को कम से कम 8 घंटे की नींद जरूरी होती है। नींद पूरी न होने पर आप डिप्रेशन, अल्जाइमर, टाइप2 डायबिटीज, अनिद्रा और एंग्जाइटी जैसी बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। एक रिसर्च के अनुसार नींद पूरी न होने पर लोग शारीरिक ही नहीं बल्कि कई मानसिक रोगों का शिकार हो सकते है। जर्नल बिहेवियर थेरेपी और मनोचिकित्सा के अनुसार नींद के पूरी न होने पर दिमाग में नैगिटिव विचार आते है, जोकि डिप्रेशन और एंग्जाइटी जैसी बीमारियों की कारण बनते है। कुछ लोग बार-बार नींद खुलने के कारण अपनी नींद नहीं पूरी कर पाते। इसके अलावा कुछ लोगों की रात को देर से सोने और सुबह समय से पहले जागने के कारण नींद पूरी नहीं हो पाती, जिसके कारण वो थका और टूटा हुआ महसूस करते हैं। डाक्टरों का यह भी कहना है कि अनिद्रा के परिणामस्वरूप लोग हाईपरटैंशन, डायबिटीज, डिप्रैशन, मोटापे और नपुंसकता आदि अनेक गंभीर रोगों का शिकार हो सकता है। इससे बचने के लिए अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करने चाहिए, जिससे आप इन समस्याओं से बच सकते हैं। इसके अलावा कोशिश करें आप पूरे दिन में कम से कम 7 घंटे चैन की नींद लें। कई बार आप गेप लेकर अपनी नींद को पूरा करते हैं। इससे भी आप इन बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

# आखिर क्यों हमारा देश नहीं करता 'कॉस्मेटिक सर्जरी' को स्वीकार?

भारत एक ऐसा देश है जहां पर सुदंरता ही स्वीकारा जाता है। इसलिए ग्लैमर इंडस्ट्री में कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट का चलन बढ़ रहा है लेकिन यह एक विडंबना है कि तमाम तरह के लोकप्रियता के बाद भी लोग (विशेष तौर पर अभिनेता) इससे के बारे में बोलने से कतराते है। मशहूर कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. मोनिका कपूर इस बात से सहमत नहीं है कि कॉस्मेटिक सर्जरी अथवा उपचार के बारे में बात करने से बचा जा रहा है। उनका कहना है कि कॉस्मेटिक सर्जरी हमारे देश में निषेद्ध अथवा टैबू नहीं है। बॉलीवुड और ग्लैमर इंडस्ट्री में तो यह एक फैशन हो गया है। हालांकि इसके बारे में बात करने वह इंकार करते है। क्योंकि कोई नहीं चाहता कि किसी को यह पता चलें कि उन्होंने सुंदर दिखने के लिए कॉस्मेटिक सर्जरी का सहारा लिया है। अपनी खूबसूरती और अच्छे फिगर की वजह से जो सेलेब्स इस इंडस्ट्री में छाए हुए हैं, वे कॉस्मेटिक सर्जरी के बारे में मीडिया और अपने प्रशंसको को नहीं बताते। इसके पीछे का कारण यह है कि सर्जरी के बाद अपने शरीर में आए बदलाव के बाद कभी-कभी वे स्वंय संतुष्ट नहीं होते। उनका मजाक न बनाया जाए, इसलिए यह बात सबसे छिपा कर रखते है। डॉ. मोनिका कहती है कि सेलेब्स यदि कॉस्मेटिक सर्जरी भी कराते है वे दुनिया को इस बारे में बताना पंसद नहीं करते। वे इसे भगवान का आशीर्वाद कहते हुए प्राकृतिक सुदंरता बताते है लेकिन कुछ लोग साहसी होते है और खुलकर इस बारे में बताते है कि उन्होने सर्जरी का सहारा लिया है। ऐसे में उन लोगों को सलाम किया जाना चाहिए और उनकी तारिफ की जानी चाहिए जो अपनी खामियों और उनमें सुधार करने वाली प्रक्रिया के बारे में बात करते हैं।

# ट्रैंड में छाया न्यूट्रल कलर, आप भी ट्राई करें ये नेल पेंट

हर रोज बदल कर नेल पेंट लगाना लड़कियों का फैशन हैं। कॉलेज गर्ल्स हो या फिर ऑफिस वूमन्स, अपने सूट के साथ मैचिंग नेल पेंट या कोई अच्छा सा शेड लगाना पसंद करती है लेकिन इन ट्रैंड के हिसाब से नेल पेंट लगाने से आप अपने आपको स्टाइलिश लुक दे सकती है। इन दिनों न्यूट्रल नेल पेंट काफी चलन में है और लड़कियों इसे खूब पसंद भी कर रही है। यह कलर न केवल हाथों को डिसेंट लुक देता है बल्कि आपके हाथों की स्किन टोन अच्छे से उभरकर सामने आता है।

खास बात है कि आपको न्यूट्रल नेल पेंट में कई कलर्स मिल जाएगे। इसके अलावा यह लाइट नेल पेंट गर्लिश भी है। आपको इस कलर के नेल पेंट को किसी भी ड्रैस के साथ लगा सकती है क्योंकि यह हर लकर की आउटफिट्स पर परफैक्ट लुक देता है। आप हम आपको न्यूट्रल नेल पेंट में कुछ कलर्स बताएंगे, जिन्हें हर



लड़की ट्राई करके अपना स्टाइल फ्लॉन्ट कर सकती है।

**पेस्टल मॉव कलर**

यह न्यूट्रल नेल कलर आपको हाथों को क्लासी लुक देगा। आप इस कलर की नेल पेंट को किसी भी तरह की आउटफिट के साथ ट्राई कर सकती है।


**पेस्टल पिंक शेड**

अगर आप पिंक नेल पेंट लगाकर बोर हो चुकी है तो न्यूट्रल शेड में पिंक शेड ट्राई करें।

**टॉफी टोन कलर**

अगर आप न्यूट्रल शेड्स में कुछ अलग कलर ढूंढ रही है तो यह टॉफी टोन नेल पेंट ट्राई करें।

# हरी पत्तेदार सब्जियां दूर करेंगी ढेरों बीमारियां



तंदुरूस्त शरीर पाने के लिए खान-पान का संतुलित होना बहुत जरूरी है। सर्दियों के मौसम में हरी सब्जियां आसानी से मिल जाती हैं। इनमें पोषक तत्व भरपूर मात्रा में शामिल होते हैं जिससे शरीर को पूरा पोषण मिलता है। हरी सब्जियां सेहत के साथ-साथ ब्यूटी के लिए भी बहुत फायदेमंद होती हैं। यह त्वचा, बाल, आंखों आदि में होने वाली समस्याओं से भी बचाव रखती है। इन सब्जियों का पका कर,सलाद या फिर सूप बनाकर भी सेवन किया जा सकता है। मेथी,पालक,सरसों का साग,बथुआ,मूली के पत्ते,चोलाई,धनिया के अलावा और भी बहुत सी सब्जियां इस लिस्ट में शामिल हैं। आइए जानें इनको खाने से सेहत से जुड़े कौन-कौन से फायदे मिलते हैं।

1. घुलनशील फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मिनरल्स से भरपुर हरी सब्जियां पेट संबंधित समस्याओं को दूर करती हैं। मिनरल्स युक्त भोजन खाने से कैंसर जैसी बीमारी से भी बचा जा सकता है। 2. बदलती लाइफ स्टाइल और भागदौड भरी जिंदगी से लोग बहुत सारी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। कुछ लोग तो समय की कमी के कारण खुद के खान-पान का ख्याल नहीं रख पाते। इससे शरीर में खून की मात्रा भी कम होने का डर रहता है। इससे बचने के लिए हरी सब्जियां खाएं। पालक, सरसों, मेंथी जैसी सब्जियों में आयरन की मात्रा अच्छी होती है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# प्रियंका चोपड़ा ने क्यों छोड़ा फेयरनेस क्रीम का एड करना, एक्ट्रेस ने बताई वजह



**अमेरिका** में अश्वेत जॉर्ज फ्लॉयड की पुलिस हिरासत में मौत के बाद अमेरिका के मिनोपॉलिस शहर समेत कई शहरों में हिंसा भड़की हुई है। अमेरिका में लोग नस्लभेद के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं और भारत के भी कुछ सेलेब्स ने ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन को लेकर जोर-शोर से अपनी राय रखी है। हालांकि वैश्विक स्तर पर नस्लभेद के खिलाफ आवाज उठाने के चलते प्रियंका चोपड़ा जैसे स्टार्स को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि कई लोगों का मानना है कि प्रियंका को अमेरिका से पहले अपने ही देश में चल रहे कई गंभीर मुद्दों पर राय रखनी चाहिए। प्रियंका पर ये भी आरोप लगा कि उन्होंने खुद एक दौर में फेयरनेस क्रीम्स के विज्ञापन किए हैं, ऐसे में उनका नस्लभेद जैसे मुद्दों पर राय रखना हिप्पोक्रेसी है। हालांकि प्रियंका का एक पुराना इंटरव्यू वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने इन विज्ञापन से जुड़ने की वजह बताई थी। एक इंटरव्यू में प्रियंका चोपड़ा से पूछा गया कि आप फेयरनेस क्रीम को एंडोर्स करने के बारे में क्या सोचती हैं? इस पर बात करते हुए प्रियंका ने कहा कि उन्हें काफी बुरा लगता है क्योंकि वे खुद डस्की स्किन कलर की है। उन्होंने कहा था कि उनके सभी कजन की त्वचा गोरी है लेकिन चूंकि प्रियंका के पिता सांवले हैं ऐसे में एक्ट्रेस की स्किन भी डस्की है।



# टाइगर श्रॉफ को मिली बड़ी फिल्म

हाल ही में फिल्म बड़े मियां छोटे मियां फिल्म में नजर आए एक्टर टाइगर श्रॉफ को धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म मिल गई है। रिपोर्ट्स हैं कि टाइगर श्रॉफ पिछले कई दिनों से करण जौहर से फिल्म के सिलसिले में मीटिंग कर रहे थे, जो अब फाइनल हो चुकी है। दोनों ने मेगा बजट फिल्म के लिए हाथ मिला लिया है। हाल ही में आई पिंकविला की रिपोर्ट में फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र के हवाले से लिखा गया है, इस फिल्म को करण जौहर धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले प्रोड्यूस करने वाले हैं। कई स्क्रिप्ट पढ़ने और उन पर चर्चा करने के बाद टाइगर श्रॉफ और करण जौहर नतीजे पर पहुंच चुके हैं। 2025 में टाइगर श्रॉफ की बड़े पर्दे पर वापसी करवाने के लिए दोनों ने हाथ मिला लिया है। फिलहाल फिल्म की डिटेलिंग्स पर चर्चा की जा रही है। उम्मीद है कि जून के आखिर तक इस फिल्म का ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दिया जाएगा। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि टाइगर श्रॉफ की ये फिल्म उनकी पिछली सभी फिल्मों से अलग होने वाली है।



# बच्चा चाहती हैं जाह्नवी

ऐक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने मात्र एक बॉलिवुड फिल्म की है लेकिन वह हमेशा चर्चा में रहती हैं। सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहने वाली जाह्नवी कपूर की काफी लंबी फैन फॉलोइंग है। वहीं, अब जाह्नवी कपूर ने सोशल मीडिया पर जो बात कही है, उसे जानकार कोई भी हैरान रह जाएगा। जाह्नवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। अपनी इस खूबसूरत तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'यहां पर आप बच्चे को देख रहे हैं।' जाह्नवी कपूर की इस पोस्ट पर डायरेक्टर राजकुमार संतोषी की बेटी और उनकी बेस्टफ्रेंड तनीषा संतोषी ने लिखा, कौन बच्चा? क्या तुम बच्चा चाहती हो।' इस पर जाह्नवी कपूर ने रेप्लाई किया, 'हां'। सोशल मीडिया पर इन दोनों दोस्तों की बातचीत को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर के घर में काम करने वाले तीन लोग कोविड-19 पॉजिटिव निकले थे। जिसके चलते वह चर्चा में थीं। वहीं, बोनी कपूर ने जानकारी दी थी कि वह और उनकी बेटी जाह्नवी कपूर और खुशी कपूर भी 14 दिन क्वॉरंटीन टाइम पूरा कर चुकी हैं।